Adda247
GET IT ON Google Play

# UPPSC प्रति उपविद्यालय निरीक्षक (SDI) पुनर्परीक्षा 2006

## Part–I

**व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र** (परीक्षा तिथि : 04-07-2009)

### भाग-1 : सामान्य अध्ययन

**1. निम्न प्रकार के वृक्षों में सामाजिक वानिकी हेतु किसके रोपण को प्रोत्साहित किया जाता है?**

(a) फल उत्पादक (b) ईंधन उत्पादक
(c) चारा उत्पादक (d) बहु उपयोगी

**Ans. (d) :** सामाजिक वानिकी का तात्पर्य पर्यावरणीय, सामाजिक एवं ग्रामीण विकास के उद्देश्य से लोगों द्वारा सामूहिक अथवा व्यक्तिगत रूप से वृक्षारोपण करने से है। राष्ट्रीय कृषि आयोग के 1976 के परिभाषा के अनुसार, सामाजिक वानिकी के अंतर्गत खाली पड़े स्थानों पर फलदार वृक्षों को लगाना, ईंधन, चारा, लकड़ी एवं लघु स्तर पर वनोत्पादन आदि को सम्मिलित किया जाता है।

**2. हृदय कब विश्राम करता है?**

(a) कभी नहीं (b) निद्रावस्था में
(c) आराम की स्थिति में (d) उपर्युक्त में कोई नहीं

**Ans. (d) :** हृदय दो धड़कनों के बीच न्यूनतम समय के लिए विश्राम करता है। अर्थात् हृदय पेशियाँ फेफड़ों से हृदय में शुद्ध रक्त के आने एवं शरीर में शुद्ध रक्त को भेजने के बीच वाले समय तथा फेफड़ों को हृदय द्वारा अशुद्ध रक्त भेजने एवं शरीर के अशुद्ध रक्त का हृदय में आगमन के बीच के समय में हृदय आराम करता है।

**3. निम्नलिखित में से कौन सा पक्षी 300 कि.मी. प्रति घंटा की रफ्तार से हवा में गोता लगा सकता है?**

(a) किंगफिशर (b) गोल्डेन ईगल
(c) बतासी (d) प्रेगरिन फाल्कन

**Ans. (d) :** प्रेगरिन फॉलकन उत्तर अमेरिका में पायी जाने वाली बाज पक्षी है, जिसे दुनिया की सबसे तेज गति से उड़ने वाली पक्षी माना जाता है, यह पक्षी अधिकतम 390 किमी/घण्टा की गति से उड़ सकता है।

**4. निम्नलिखित में मीन कौन सी है?**

(a) क्रे फिश (b) फ्लाइंग फिश
(c) सिल्वर फिश (d) कटल फिश

**Ans. (b) :** फ्लाइंग फिश समुद्री मछली का एक प्रकार है। यह मछली पानी से हवा में छलांग लगा सकती है। कटल फिश एक प्रकार का मोलस्का संघ का जीव है। सिल्वर फिश एक प्रकार का कीट है जो पुरानी किताबों में पाया जाता है। क्रे फिश स्वच्छ जल में पाया जाने वाला केकड़ा है।

**5. दिन के प्रकाश में हरित पर्णों का क्लोरोफिल-सार जिस वर्ण में प्रतिदीप्त होता है, वह है :**

(a) लाल (b) नीला
(c) नारंगी (d) पीला

**Ans. (a) :** दिन के प्रकाश में हरित पर्णों का क्लोरोफिल-सार कम ऊर्जा एवं उच्च तरंगदैर्ध्य वाली लाल वर्ण में प्रतिदीप्त होता है। क्लोरोफिल एक प्रोटीनयुक्त जटिल रासायनिक यौगिक है। यह हरे पौधे में वर्णक के रूप में मौजूद होता है तथा प्रकाश संश्लेषण के लिए जिम्मेदार होता है। इसे पर्णहरिम हरित लवक भी कहा जाता है।

**6. दांत कर्बुरित हो जाते हैं जब पेय जल में प्रचुर मात्रा में रहती/रहता है :**

(a) फ्लोराइड (b) क्लोरीन
(c) मर्करी (d) जिंक

**Ans. (a) :** जब पेयजल में अत्यधिक मात्रा में फ्लोराइड की मात्रा बढ़ जाती है तो दाँत एवं हड्डियाँ खराब होने लगती हैं। भारत में फ्लोराइड की अधिकतम मान्य मात्रा 1.2 mg/L है।

**7. सूर्य की विकिरण-ऊर्जा जिसका परिणाम है, वह है :**

(a) नाभिकीय विखण्डन (b) नाभिकीय संलयन
(c) रासायनिक क्रिया (d) ब्रह्माण्ड-विकिरण

**Ans. (b) :** सूर्य में विकिरण ऊर्जा का मुख्य स्रोत नाभिकीय संलयन द्वारा प्राप्त होने वाली विकिरण ऊर्जा है। वस्तुतः इस प्रक्रिया में हाइड्रोजन के जोड़े नाभिक आपस में मिलकर हीलियम के अपेक्षाकृत बड़े नाभिक का निर्माण करते हैं, इस प्रक्रिया में विशाल मात्रा में ऊर्जा का उत्सर्जन होता है जो सूर्य की ऊर्जा का स्रोत है।

**8. जहां विज्ञान एव पर्यावरण केन्द्र स्थित है, वह नगर है :**

(a) बंगलुरू (b) कोलकाता
(c) नई दिल्ली (d) हैदराबाद

**Ans. (c) :** विज्ञान एवं पर्यावरण केन्द्र नई दिल्ली में स्थित है। यह पर्यावरण संरक्षण संबंधी शोध से जुड़ी गैर–लाभकारी संस्था है। विज्ञान एवं पर्यावरण केन्द्र के संस्थापक प्रसिद्ध पर्यावरणविद अनिल अग्रवाल थे। वर्तमान में इस संस्था की प्रमुख सुनीता नारायण हैं, जो प्रसिद्ध पर्यावरणविद हैं।

**9. वह कौन सा मानव अंग है जिसके रोग ग्रस्त हो जाने पर, डायलिसिस की आवश्यकता पड़ती है?**

(a) हृदय (b) वृक्क
(c) यकृत (d) फुफ्फुस

**Ans. (b) :** वृक्क (Kidney) के रोग ग्रस्त हो जाने पर डायलिसिस की आवश्यकता होती है। डायलिसिस का तात्पर्य रक्त से अधिक पानी, विषाक्त पदार्थों एवं विलयन को बाहर कर रक्त को शुद्ध करने से है। वृक्क प्राकृतिक रूप से डायलिसिस का कार्य करता है, परन्तु रोगग्रस्त या क्षमता में गिरावट से वृक्क कार्य करना बन्द कर दे तो रेनल रिप्लेसमेंट थेरेपी द्वारा डायलिसिस कर रक्त को शुद्ध किया जाता है।

**10. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके, सही उत्तर चुनिए :**

| सूची-I (अणु) | सूची-II (तत्व) |
|---|---|
| A. विटामिन $B_{12}$ | 1. मैग्नीशियम |
| B. हीमोग्लोबिन | 2. कोबाल्ट |
| C. क्लोरोफिल | 3. कापर |
| D. चाल्कोपायराइट | 4. आयरन |

Adda247

# Test Prime

**ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION**

**80,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

**20,000+** Previous Year Papers

**500%** Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

Adda247

GET IT ON Google Play

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**Ans. (a) :** सही सुमेलित है–

| | सूची–I (अणु) | | सूची–II (तत्व) |
|---|---|---|---|
| A. | विटामिन $B_{12}$ | – | कोबाल्ट |
| B. | हीमोग्लोबिन | – | आयरन |
| C. | क्लोरोफिल | – | मैग्नीशियम |
| D. | चाल्कोपायराइट | – | कॉपर |

**11. विकिरण चिकित्सा में कोबाल्ट-60 को इसलिए प्रयुक्त किया जाता है, क्योंकि उसके विशिष्ट गुण के कारण उत्सर्जित होती हैं:**

(a) अल्फा किरणें (b) बीटा किरणें
(c) एक्स किरणें (d) गामा किरणें

**Ans. (d) :** कोबाल्ट–60 से मुख्यतः गामा किरणों का उत्सर्जन होता है। इसी कारण कोबाल्ट–60 का कैंसर के उपचार के लिए विकिरण चिकित्सा में प्रयोग किया जाता है।

**12. निम्नलिखित देशों में किसकी सीमा अफगानिस्तान से नही मिलती हैं ?**

(a) उज्बेकिस्तान (b) ताजिकिस्तान
(c) रूस (d) तुर्कमेनिस्तान

**Ans. (c) :** उपरोक्त देशों में से केवल रूस की सीमा अफगानिस्तान से नहीं लगती है। अफगानिस्तान की सीमा से जुड़े पड़ोसी देश–

पूर्व एवं दक्षिण में – पाकिस्तान
पश्चिम में – ईरान
उत्तर में – तुर्कमेनिस्तान, उज्बेकिस्तान एवं ताजिकिस्तान
उत्तर पूर्व में – चीन

अफगानिस्तान एक स्थलबद्ध देश है।

**13. विश्व की सबसे गहरी झील है:**

(a) टिटिकाका (b) विक्टोरिया
(c) बैकाल (d) मृत सागर

**Ans. (c) :** बैकाल झील विश्व की सबसे गहरी, विशाल एवं प्राचीनतम झील है। इस झील की गहराई 16,42 मीटर (5387 फीट) है। यह झील रूस के साइबेरिया क्षेत्र में अवस्थित है। उल्लेखनीय है कि टिटिकाका झील दक्षिण अमेरिका में चिली एवं अर्जेंटीना की सीमा पर स्थित विश्व की सबसे ऊँची नौकागम्य झील है। विक्टोरिया झील अफ्रीका में केन्या, युगान्डा एवं तंजानिया की सीमा पर स्थित है। यही से नील नदी निकलती है। मृत सागर विश्व का दूसरा सबसे लवणता वाला सागर है।

**14. निम्नांकित अफ्रीकी देशों की दक्षिण से उत्तर की ओर की सही स्थिति का क्रम क्या है?**

A. नाइजीरिया B. दक्षिण अफ्रीका
C. तंजानिया D. अल्जीरिया

(a) B C A D (b) A B C D
(c) B D C A (d) B C D A

**Ans. (a) :** अफ्रीकी देशों की दक्षिण से उत्तर की ओर सही क्रम इस प्रकार है–
दक्षिण अफ्रीका – तंजानिया – नाइजीरिया – अल्जीरिया।

**15. निम्नलिखित में कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?**

(a) भील - राजस्थान
(b) संथाल - झारखण्ड
(c) खासी - सिक्किम
(d) टोडा - तमिलनाडु

**Ans. (c) :** सुमेलित है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | भील | – | राजस्थान |
| (b) | संथाल | – | झारखण्ड |
| (c) | खासी | – | मेघालय |
| (d) | टोडा | – | तमिलनाडु |

**16. भारत में सर्वाधिक अभ्रक-उत्पादक राज्य है:**

(a) झारखण्ड (b) कर्नाटक
(c) राजस्थान (d) मध्य प्रदेश

**Ans. (c) :** उपर्युक्त विकल्पों के आधार पर भारत में अभ्रक का सर्वाधिक उत्पादक राज्य राजस्थान है जबकि 2017–18 के आँकड़ों के अनुसार आंध्र प्रदेश भारत में अभ्रक का सर्वाधिक उत्पादक राज्य है।

**17. जिन राज्यों से होकर गोदावरी नदी बहती है, वे हैं:**

(a) महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश
(b) महाराष्ट्र, उड़ीसा और आंध्र प्रदेश
(c) महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश
(d) महाराष्ट्र, कर्नाटक, उड़ीसा और आंध्र प्रदेश

**BEO Re-exam-2006-I**

**Ans. (b) :** गोदावरी नदी को वृद्ध गंगा कहा जाता है, यह गंगा के बाद देश की दूसरी सर्वाधिक लम्बी नदी है। उपर्युक्त विकल्पों के आधार पर महाराष्ट्र, उड़ीसा एवं आंध्र प्रदेश से गोदावरी नदी गुजरती है। आंध्र प्रदेश से तेलंगाना के विभाजन के बाद तेलंगाना एवं छत्तीसगढ़ से भी गोदावरी गुजरती है। वर्तमान में गोदावरी नदी–महाराष्ट्र, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश राज्य से गुजरती है।

**18. माताटीला बांध जिस राज्य में स्थित है, वह है:**

(a) बिहार (b) मध्य प्रदेश
(c) उत्तर प्रदेश (d) राजस्थान

**Ans. (c) :** माताटीला बांध उत्तर प्रदेश राज्य के ललितपुर जिले में बेतवा नदी पर स्थित है। इसका निर्माण 1958 में हुआ था। यह उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की संयुक्त परियोजना है।

**19. कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान का निकटतम रेल-स्टेशन कौन सा है?**

(a) काशीपुर (b) कोटद्वार
(c) रुद्रपुर (d) रामनगर

**Ans. (d) :** रामनगर रेलवे स्टेशन जिम कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान का निकटतम रेलवे स्टेशन है। कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान उत्तराखण्ड में स्थित है। यह भारत का सबसे पुराना राष्ट्रीय उद्यान भी है। इसका पूर्व नाम 'हैली राष्ट्रीय उद्यान' था।

**20. निम्नलिखित पत्तनों में कौन भारत के लौह-अयस्क का सर्वाधिक निर्यात करता है?**

(a) कोच्ची (b) चेन्नई
(c) मारमुगोवा (d) पाराद्वीप

**Ans. (c) :** मारमुगोवा पत्तन भारत का सर्वाधिक लौह–अयस्क निर्यातक पत्तन है। भारत के कुल लौह अयस्क निर्यात का 50 प्रतिशत निर्यात इसी पत्तन से होता है।

**21. निम्नलिखित राज्यों में किसकी सीमा बांग्ला देश से नहीं मिलती है?**

(a) मेघालय (b) त्रिपुरा
(c) मणिपुर (d) मिजोरम

Adda247
GET IT ON Google Play

**Ans. (c) :** उपर्युक्त विकल्पों में मणिपुर की सीमा बांग्लादेश से नहीं मिलती है। बांग्लादेश से असम, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, मिजोरम एवं मेघालय राज्यों की सीमा लगती है।

**22. निम्नलिखित उर्वरक कारखानों में कौन इफको द्वारा संचालित नहीं होता है?**
(a) आंवला (b) कांडला
(c) फूलपुर (d) सिन्द्री

**Ans. (d) :** उपर्युक्त विकल्पों में सिन्द्री उर्वरक कारखाना को छोड़कर शेष सभी उर्वरक कारखाना इफ्को द्वारा संचालित होता है। सिन्द्री उर्वरक कारखाना फर्टिलाइजर कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड से संबद्ध है। सिन्द्री धनबाद जिले का एक औद्योगिक कस्बा है।

**23. हड़प्पा संस्कृति की उत्तरी सीमा का निर्धारण करता है।**
(a) राखीगढ़ी (b) माण्डा
(c) रोपड़ (d) हड़प्पा

**Ans. (b) :** हड़प्पा संस्कृति की उत्तरी सीमा पर 'मांडा' नामक हड़प्पीय स्थल स्थित है। 'मांडा' जम्मू और कश्मीर में स्थित है, जबकि इसकी पूर्वी सीमा आलमगीरपुर (उत्तर प्रदेश); दक्षिणी सीमा दैयाद (महाराष्ट्र) एवं पश्चिमी सीमा सुत्कांगेडर (पाकिस्तान) में है।

**24. पवित्र गायत्री मंत्र जिस ग्रन्थ में अंतर्विष्ट है, वह है:**
(a) ऋग्वेद (b) यजुर्वेद
(c) अथर्ववेद (d) सामवेद

**Ans. (a) :** पवित्र गायत्री मंत्र ऋग्वेद में अंतर्विष्ट है। गायत्री मंत्र ऋग्वेद के तृतीय मंडल में समाहित है, जिसकी रचना ऋषि विश्वामित्र ने किया था।

**25. गुप्त अभिलेखों में 'दीनार' जिसका वाचक है, वह है:**
(a) स्वर्ण सिक्का (b) रजत सिक्का
(c) ताम्र सिक्का (d) कांस्य सिक्का

**Ans. (a) :** गुप्त अभिलेखों में वर्णित 'दीनार' स्वर्ण सिक्कों के लिए प्रयुक्त हुआ है। दीनार उच्च मूल्य के सिक्के थे जो बड़े व्यापारिक लेन-देन के लिए प्रयुक्त होते थे।

**26. सम्राट हर्षवर्द्धन ने जिस स्थान पर राजधानी स्थापित की, वह था :**
(a) पाटलिपुत्र (b) कन्नौज
(c) दिल्ली (d) अयोध्या

**Ans. (b) :** सम्राट हर्षवर्द्धन (606–647 ई.) ने कन्नौज में अपनी राजधानी स्थापित किया था। हर्षवर्धन पुष्यभूति वंश का महान शासक था। वह बौद्ध मतावलंबी शासन था जिसके दरबार में ह्वेनसांग नामक प्रसिद्ध चीनी बौद्ध भिक्षु आया था।

**27. निम्नांकित शासकों में आगरा को जिसने राजधानी बनाया, वह था:**
(a) अलाउद्दीन खिल्जी (b) सिकंदर लोदी
(c) मुबारकशाह खिल्जी (d) बहलोल लोदी

**Ans. (b) :** लोदी शासक सिकंदर लोदी (1489–1517) ने आगरा को राजधानी बनाया था। 1506 ई. में सिकंदर लोदी ने आगरा को अपनी राजधानी बनाया। नाप के लिए पैमाना 'गज-ए-सिकंदरी' का प्रारंभ इसी के शासनकाल में हुआ जिसकी लम्बाई 30 इंच थी। सिकंदर लोदी के आदेश पर एक आयुर्वेद के ग्रंथ को 'फरहंगे सिकंदरी' नाम से अनुदित किया गया।

**28. जिस व्यक्ति ने कहा कहा था ''हिनोज दिल्ली दूरस्त'' (अभी दिल्ली दूर है), वह थे:**
(a) अमीर खुसरो (b) निजामुद्दीन औलिया
(c) फिरोज तुगलक (d) शेख सलीम चिश्ती

**Ans. (b) :** प्रसिद्ध सूफी संत निजामुद्दीन औलिया ने 'हनोज दिल्ली दूरस्त' अर्थात दिल्ली अभी दूर है, उक्ति सुल्तान गियासुद्दीन तुगलक द्वारा उन्हें दी गयी धमकी के जवाब में कही गयी थी।

**29. निम्नांकित चित्रकारों में जहांगीर ने जिसे 'नादिर-उज-जमां' की पदवी प्रदान की, वह थे:**
(a) अबुल हसन (b) बिशनदास
(c) अब्दुस समद (d) उत्साद मंसूर

**Ans. (a) :** प्रसिद्ध चित्रकार अबुल हसन को मुगल बादशाह जहाँगीर ने 'नादिर-उज-जमा' की उपाधि दी थी। उल्लेखनीय है कि बादशाह जहाँगीर ने 'नादिर-उल-अस्र' की उपाधि प्रसिद्ध चित्रकार मंसूर को दी थी।

**30. निम्नलिखित शासकों में जिसने एक सिक्ख गुरु का सर कलम करवाया, वह था:**
(a) अकबर (b) जहांगीर
(c) शाहजहां (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** सिखों के पाँचवें गुरु अर्जुनदेव को जहाँगीर ने सर कलम करवा दिया क्योंकि बादशाह जहाँगीर के खिलाफ उनके पुत्र खुसरों के विद्रोह को गुरु अर्जुनदेव द्वारा समर्थन दिए जाने का आरोप था।

**31. निम्नांकित में जिन्होंने वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट का निरसन किया, वह थे :**
(a) लार्ड डफरिन (b) लार्ड रिपन
(c) लार्ड कर्जन (d) लार्ड हार्डिंग्स

**Ans. (b) :** वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट का निरसन लार्ड रिपन ने 1882 में किया था। उल्लेखनीय है कि लार्ड लिटन ने 1878 में राष्ट्रीय प्रेस को प्रतिबन्धित करने के लिए वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट लागू किया था। इस एक्ट के द्वारा देशी भाषा के अखबारों को प्रतिबंधित किया गया था।

**32. सन् 1939 में निम्नलिखित में से कौन व्यक्ति आल इंडिया स्टेट्स पीपल्स कान्फ्रेंस का अध्यक्ष था ?**
(a) जय प्रकाश नारायण (b) जवाहरलाल नेहरू
(c) शेख अब्दुल्ला (d) सरदार बल्लभ भाई पटेल

**Ans. (b) :** सन् 1939 में आल इण्डिया स्टेट्स पीपुल्स कांफ्रेन्स का अध्यक्ष पंडित जवाहरलाल नेहरू को बनाया गया था। उल्लेखनीय है कि देशी रियासतों में आम लोगों की बढ़ती जागरूकता के चलते सन् 1927 में ऑल इण्डिया स्टेट्स पीपुल्स कांफ्रेंस का गठन किया गया था।

**33. भूदान आन्दोलन के प्रवर्तक कौन थे?**
(a) महात्मा गांधी (b) जय प्रकाश नारायण
(c) स्वामी विवेकानन्द (d) विनोबा भावे

**Ans. (d) :** भूदान आंदोलन के प्रवर्तक विनोबा भावे थे। आचार्य विनोबा भावे ने भूदान आंदोलन का प्रारभ सन् 1951 में आंध्र प्रदेश के पोचमपल्ली नामक गाँव से किया था। यह एक स्वैच्छिक भूमि सुधार आंदोलन था जिसके द्वारा भूमि का पुनर्वितरण स्वेच्छापूर्वक करने पर बल दिया गया।

**34. भारत-पाक के मध्य शिमला समझौता जिस वर्ष हस्ताक्षरित हुआ, वह था:**
(a) 1972 (b) 1973
(c) 1974 (d) 1975

**Ans. (a) :** 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के पश्चात हुए संधि को शिमला समझौता कहते हैं। शिमला समझौता 2 जुलाई, 1972 को शिमला में सम्पन्न हुआ। इसके तहत 17 दिसम्बर, 1971 की युद्धविराम रेखा को नियंत्रण रेखा के रूप में मान्यता दी गयी।

Adda247
GET IT ON Google Play

35. **निम्नलिखित विश्वविद्यालयों में जिसकी स्थापना 1916 में हुई, वह है :**
(a) कलकत्ता विश्वविद्यालय
(b) इलाहाबाद विश्वविद्यालय
(c) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय
(d) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय

**Ans. (c) :** बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना 1916 ई. में मदनमोहन मालवीय द्वारा की गयी थी। उल्लेखनीय है कि कलकत्ता विश्वविद्यालय की स्थापना 1857 ई. में, मद्रास एवं बम्बई विश्वविद्यालयों के साथ ही ब्रिटिश सरकार द्वारा किया गया था। इन तीनों विश्वविद्यालयों की स्थापना चार्ल्स वुड डिस्पैच (1854) की सिफारिशों के आधार पर किया गया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की स्थापना 1887 में एवं अलीगढ़ विश्वविद्यालय की स्थापना 1920 में की गयी थी।

36. **1814-17 की अवधि में जिस क्षेत्र के ताल्लुकेदारों ने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध विद्रोह किया वह था :**
(a) अलीगढ़ (b) अवध
(c) बीरभूम (d) मालवा

**Ans. (a) :** 1814–17 की अवधि में अलीगढ़ के ताल्लुकेदारों ने अंग्रेजी शासन के विरूद्ध विद्रोह कर दिया। वस्तुतः ब्रिटिश शासन के बढ़ते नियंत्रण के कारण ताल्लुकेदारों की जमीनदारी छीनी जा रही थी और उनकी हैसियत में कमी आ रही थी। इसी स्थिति की प्रतिक्रिया के रूप में अलीगढ़ के ताल्लुकेदारों के विद्रोह को देखा जाता है।

37. **उन्होंने कांग्रेस के बनारस अधिवेशन की अध्यक्षता की। सूरत-फूट के बाद उन्होंने उदारवादियों का नेतृत्व किया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका पहुँच कर गांधीजी के साथ महत्वपूर्ण सेवा की। उन्होंने सर्वेंट्स आफ इंडिया सोसाइटी की स्थापना की।**
**निम्नलिखित व्यक्तियों में जिस पर उपर्युक्त कथन चरितार्थ होते हैं, वह है:**
(a) दादाभाई नौरोजी (b) फीरोजशाह मेहता
(c) महादेव गोविन्द रानाडे (d) गोपाल कृष्ण गोखले

**Ans. (d) :** गोपाल कृष्ण गोखले कांग्रेस उदारवादी नरमपंथी दल के प्रमुख नेता था। उन्होंने 1905 के बनारस अधिवेशन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्षता की। वे एक प्रमुख समाज–सुधारक थे, उन्होंने 1905 में सर्वेंट ऑफ इण्डिया सोसाइटी की स्थापना की। वे महात्मा गांधी के राजनीतिक गुरू थे। वे 1912 में गांधी जी के आमंत्रण पर दक्षिण अफ्रीका गए तथा वहाँ आंदोलनरत लोगों का सहयोग किया।

38. **नमक सत्याग्रह के दौरान गांधीजी के गिरफ्तार हो जाने पर, आन्दोलन के नेतृत्व का भार जिन्होंने सम्भाला, वह थे :**
(a) जवाहरलाल नेहरू (b) सरदार पटेल
(c) अबुल कलाम आजाद (d) अब्बास तैयब जी

**Ans. (d) :** नमक सत्याग्रह के दौरान गांधी जी के गिरफ्तार हो जाने पर आंदोलन का नेतृत्व अब्बास तैय्यब जी ने सम्भाला। आंदोलन के आरंभ में ही गांधी जी ने इसकी घोषणा कर दी।

39. **'फिलास्फी ऑफ बॉम्ब' नामक विवरणिका के लेखक थे :**
(a) भगत सिंह (b) राम प्रसाद बिस्मिल
(c) भगवती चरण वोहरा (d) श्यामजी कृष्ण वर्मा

**Ans. (c) :** 'फिलास्फी ऑफ बॉम्ब' नामक विवरणिका के लेखक हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के क्रांतिकारी नेता एवं भगत सिंह के सहयोगी भगवती चरण वोहरा थे।

40. **खिलाफत आन्दोलन के साथ और कौन सा आन्दोलन आरम्भ किया गया था?**
(a) स्वदेशी आन्दोलन (b) होम रूल आन्दोलन
(c) सविनय अवज्ञा आन्दोलन (d) असहयोग आन्दोलन

**Ans. (d) :** खिलाफत आंदोलन के साथ ही असहयोग आंदोलन का आरंभ 1920 में हुआ। कलकत्ता के कांग्रेस के विशेष अधिवेशन में असहयोग आंदोलन पास किया गया जिसे दिसम्बर 1920 के वार्षिक अधिवेशन में पुष्ट किया गया।

41. **संन्यासी विद्रोह भड़कने का स्थल था :**
(a) अवध (b) बंगाल
(c) हरियाणा (d) पंजाब

**Ans. (b)** संन्यासी विद्रोह का प्रमुख केन्द्र बंगाल था। संन्यासी लोग तीर्थ यात्रा पर लगे करों से असंतुष्ट थे। ये लोग शंकराचार्य के अनुयायी थे। शंकराचार्य के अनुयायी 10 सम्प्रदायों में बँटे थे, विद्रोही संन्यासी गिरि सम्प्रदाय से थे। विद्रोह का नेतृत्व अर्द्ध सामन्ती लोगों द्वारा किया गया परन्तु इसमें बेदखल किए गए किसान, विघटित सिपाही, सत्ताच्युत जमींदार एवं धार्मिक नेता शामिल थे। 1763 ई. से प्रारम्भ हुआ यह विद्रोह रूक-रूक कर 1800 ई. तक चलता रहा। बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा लिखित 'आनन्द मठ' का कथानक इसी विद्रोह पर आधारित है।

42. **मुंडा बगावत का नेता कौन था?**
(a) बिरसा (b) कान्हूँ
(c) तिलका मांझी (d) सीदो

**Ans. (a) :** 1895–1901 के बीच बिरसा मुंडा के नेतृत्व में हुआ यह विद्रोह सर्वाधिक चर्चित आदिवासी विद्रोह था। यह विद्रोह आधुनिक झारखंड में मुख्यतः जनजातियों की परम्परागत भूमि व्यवस्था 'खुँटकुट्टी' में बदलाव कर ब्रिटिश सरकार द्वारा जमींदारी व्यवस्था थोपे जाने के विरूद्ध बिरसा मुंडा के नेतृत्व में जनजातियों ने विद्रोह का बिगुल फूँक दिया।

43. **इंडियन नेशनल कांग्रेस के किस स्थान पर आयोजित अधिवेशन में बाल गंगाधर तिलक ने घोषणा की थी "स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है; मैं उसे प्राप्त करके रहूंगा"?**
(a) बनारस (1905) (b) कलकत्ता (1906)
(c) सूरत (1907) (d) लखनऊ (1916)

**Ans. (d) :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1916 के लखनऊ अधिवेशन में बाल गंगाधर तिलक ने यह घोषणा की थी, कि स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, जिसे मैं प्राप्त करके रहूँगा। इस अधिवेशन के अध्यक्ष अंबिका चरण मजूमदार थे।

44. **बंगाल को विभाजित करने में लार्ड कर्जन का वास्तविक उद्देश्य था :**
(a) मुस्लिम-बहुल एक प्रान्त की सृष्टि
(b) पूर्वी बंगाल के आर्थिक विकास में सहायता
(c) बंगाल में राष्ट्रीयता से जुड़ी शक्तियों का निर्बलीकरण
(d) उपर्युक्त में कोई नहीं

Adda247
GET IT ON Google Play

**Ans. (c) :** बंगाल विभाजन करने का लॉर्ड कर्जन का वास्तविक उद्देश्य बंगाल की राष्ट्रवादी शक्तियों को कमजोर करना था। बंगाल विभाजन के परिणामस्वरूप ही स्वदेशी आंदोलन हुआ। कालान्तर में हुए तीव्र विद्रोह के कारण लार्ड हार्डिंगना के कार्यकाल में दिल्ली दरबार में 1911 में बंगाल विभाजन को रद्द कर दिया गया।

**45. निम्नांकित में वह कौनसा व्यक्ति था, जिसने वर्ष 1931 में गुरवायूर मंदिर में अछूतों के प्रवेश संबंधी प्रयास का नेतृत्व किया?**
(a) के.पी.केशव मेनन (b) सी. राजगोपालचारी
(c) ई.एम.एस.नम्बूदरीपाद (d) पी.एस.तिरुमांबु

**Ans. (d) :** गुरूवायूर सत्याग्रह 1 नवम्बर 1931 में शुरू किया गया था। यह आंदोलन केरल के प्रसिद्ध गुरूवायूर मंदिर में दलितों एवं पिछड़ों को प्रवेश दिलाने से संबंधित था। पी. सुब्रहमण्यम् तिरुमांबु ने 16 संघसेवकों के साथ इस आंदोलन का नेतृत्व किया। इस आंदोलन के अन्य प्रमुख नेता के.केलप्पण, ए.के. गोपालन, पी कृष्ण पिल्लै आदि थे।

**46. निम्नलिखित में वह कौनसा पत्र था जिसे 1932 में 'हरिजन बंधु' में परिवर्तित कर दिया गया?**
(a) यंग इंडिया (b) नवजीवन
(c) नव भारत (d) नव शक्ति

**Ans. (b) :** 1921 में गांधी जी ने साप्ताहिक पत्र नवजीवन का प्रकाशन शुरू किया था। जो 1932 में हरिजन बंधु में परिवर्तित हो गया।

**47. जिस वर्ष 'क्रिप्स मिशन' भारत में आया, वह था :**
(a) 1928 (b) 1940
(c) 1942 (d) 1945

**Ans. (c) :** द्वितीय विश्व युद्ध में भारत का समर्थन प्राप्त करने के लिए स्टेफोर्ड क्रिप्श ने 22 मार्च 1942 को भारत पहुँच कर एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जो क्रिप्स मिशन के नाम से जाना जाता है।

**48. वह कौन-सा वर्ष था जब इंडियन नेशनल कांग्रेस ने 'पूर्ण स्वाधीनता' को अपना लक्ष्य अंगीकृत किया?**
(a) 1919 (b) 1929
(c) 1933 (d) 1945

**Ans. (b) :** 31 दिसम्बर 1929 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लाहौर में आयोजित वार्षिक अधिवेशन में पूर्ण स्वाधीनता का लक्ष्य रखा गया। इस अधिवेशन की अध्यक्षता पंडित जवाहर लाल नेहरू ने की थी।

**49. किस आंदोलन के चलते रवीन्द्र नाथ ठाकुर ने "आमार सोनार बांग्ला" नामक गीत की रचना की?**
(a) खिलाफत आन्दोलन (b) असहयोग आन्दोलन
(c) स्वदेशी आन्दोलन (d) सविनय अवज्ञा आंदोलन

**Ans. (c) :** 16 अक्टूबर 1905 के बंगाल विभाजन एवं उसकी प्रतिक्रिया में आरंभ स्वदेशी आन्दोलन के दौरान रवीन्द्र नाथ टैगौर ने 'आमार सोनार बांग्ला' गीत लिखा, जो 1971 में बांग्लादेश का राष्ट्रीय गान बना।

**50. निम्नलिखित आन्दोलनों को पूर्वापर क्रम (आरोही) में व्यवस्थित कीजिए :**
1. सविनय अवज्ञा आन्दोलन 2. खिलाफत आन्दोलन
3. असहयोग आन्दोलन 4. भारत छोड़ो आन्दोलन
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 3, 4, 1
(c) 2, 3, 1, 4 (d) 3, 1, 4, 2

**Ans. (c) :** उपर्युक्त आंदोलनों का सही क्रम है–

| | | |
|---|---|---|
| खिलाफत आंदोलन | – | 1919 |
| असहयोग आंदोलन | – | 1920 |
| सविनय अवज्ञा आंदोलन | – | 1930 |
| भारत छोड़ो आंदोलन | – | 1942 |

**51. 2001 की जनगणना में निम्नलिखित नगरों में मलिन बस्तियों में रहने वालों का सर्वाधिक सान्द्रण जिस शहर में पाया गया, वह है–**
(a) अहमदाबाद (b) दिल्ली
(c) कानुपर (d) मुम्बई

**Ans. (d) :** 2001 की जनगणना के अनुसार मुम्बई शहर में मलिन बस्तियों में रहने वालों का सर्वाधिक सांद्रण था। 2011 की जनगणना के अनुसार देश में 1.73 करोड़ आवास मलिन बस्तियों में है जिसका 70 प्रतिशत आबादी महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के शहरों में है।

**52. 2001 की जनगणना के अनुसार जिन चार राज्यों में अधिकतम आबादी पाई गई, उनका आरोही–क्रम है–**
(a) बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र
(b) उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार
(c) महाराष्ट्र, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल
(d) पश्चिम बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश

**Ans. (b) :** 2001 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक आबादी वाले चार राज्यों का क्रम– उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार था। 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक आबादी वाले चार राज्यों का क्रम– उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और पश्चिम बंगाल है।

**53. 2001 की जनगणना के अनुसार कौन–सा भारतीय राज्य सर्वाधिक मलिन–वासियों को धारण करता है?**
(a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार
(c) महाराष्ट्र (d) तमिलनाडु

**Ans. (c) :** 2001 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक मलिन वासियों वाला राज्य महाराष्ट्र था।

**54. 2001 की जनगणना के अनुसार, जनसंख्या के आधार पर, उत्तर प्रदेश का पाँचवां वृहत्तम नगर है–**
(a) आगरा (b) इलाहाबाद
(c) मेरठ (d) मुरादाबाद

**Ans. (c) :** 2001 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या के आधार पर उत्तर प्रदेश का पाँचवां वृहत्तम नगर मेरठ था। जबकि 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक जनसंख्या के आधार पर नगरों का क्रम घटते हुए– गाजियाबाद, लखनऊ कानपुर नगर, आगरा एवं मेरठ है।

**55. निम्नलिखित में कौन–सा कथन सही नहीं है?**
(a) जम्मू और कश्मीर में मुसलमान बहुमत में हैं
(b) नागालैंड में ईसाई बहुमत में हैं
(c) मिजोरम में हिन्दू दूसरा प्रमुख समुदाय है
(d) सिक्किम में बौद्ध दूसरा प्रमुख समुदाय है

**Ans. (c) :** धर्म आधारित जनगणना 2011 के अनुसार मिजोरम में हिन्दू दूसरा प्रमुख समुदाय नहीं बल्कि तीसरा प्रमुख समुदाय है। राज्य में ईसाई (87.16%), बौद्ध (8.51%), हिन्दू (2.75%) एवं मुसलमान (1.35%) है।

Adda247

GET IT ON Google Play

56. 2001 की जनगणना के अनुसार जिन राज्यों में सर्वाधिक महिला–साक्षरता दर है, वे हैं–
(a) केरल, मिजोरम, चंडीगढ़
(b) केरल, लक्षद्वीप, मिजोरम
(c) लक्षद्वीप, केरल, गोवा
(d) चंडीगढ़, लक्षद्वीप, मिजोरम

**Ans. (b) :** 2001 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक महिला साक्षरता वाले राज्यों का क्रम- केरल, लक्षद्वीप, मिजोरम था। 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक महिला साक्षरता वाले राज्यों का क्रम घटते हुये- केरल (92.1%), मिजोरम (89.3%), लक्षद्वीप (87.9%) एवं गोवा (84.7%) है।

57. निम्नांकित राज्यों को उनमें अनुसूचित जनजातियों की आबादी के आधार पर अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए और नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए।
A. हिमाचल प्रदेश B. उत्तर प्रदेश
C. केरल D. तमिलनाडु
कूट :
(a) C B A D (b) B D C A
(c) D B A C (d) C D A B

**Ans. (b) :** 2011 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जनजातियों की आबादी के आधार पर राज्यों का अवरोही क्रम- उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, हिमाचल प्रदेश है।

58. नीचे दिए गए युग्मों में कौन-सा सुमेलित नहीं है?

| नगर | स्थानीय निकाय |
|---|---|
| (a) लखनऊ | छावनी परषिद |
| (b) कानपुर | नगर निगम |
| (c) गाजियाबाद | नगरपालिका परिषद |
| (d) काकोरी | नगर पंचायत |

**Ans. (c) :**

| | |
|---|---|
| लखनऊ – | छावनी परिषद |
| कानपुर – | नगर निगम |
| गाजियाबाद– | नगर निगम |
| काकोरी – | नगर पंचायत |

59. निम्नलिखित में किस प्रस्ताव का प्रासंगिक सम्बंध संघीय बजट से है?
(a) निन्दा प्रस्ताव (b) ध्यानाकर्षण प्रस्ताव
(c) कटौती प्रस्ताव (d) स्थगन प्रस्ताव

**Ans. (c) :** कटौती प्रस्ताव का संबंध संघीय बजट से है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद-112 के अनुसार एक 'वार्षिक वित्तीय विवरण' संसद के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है, जिसे बजट कहते हैं।
संसद में बजट पेश करने के बाद उस पर सामान्य चर्चा होती है तत्पश्चात लोक सभा विभागानुसार 'अनुदान की माँगों' पर चर्चा करती है, लेकिन अनुदान की माँगों पर चर्चा के दौरान यदि कोई सदस्य चाहता है कि बजट में किसी विभाग के लिए आवंटित राशि में कटौती की जाए तो वह सदस्य एक नोटिस देकर इस सम्बन्ध में प्रस्ताव पेश कर सकता है, इस प्रस्ताव को कटौती प्रस्ताव कहते हैं। यह तीन प्रकार से किया जाता है–
(1) नीतिगत कटौती
(2) मितव्ययिता कटौती
(3) सांकेतिक कटौती।

60. संविधान का कौन-सा अनुच्छेद बच्चों के शोषण का निषेध करता है?
(a) 19 (b) 17
(c) 23 (d) 24

**Ans. (d) :** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 24 बच्चों के शोषण का निरोध करता है। इसके अनुसार 14 वर्ष से कम आयु के किसी बालक को किसी कारखाने या खान में काम करने के लिए नियोजित नहीं किया जाएगा या किसी अन्य परिसंकटमय नियोजन में नहीं लगाया जाएगा।

61. भारत के संविधान में जिसकी संस्तुति पर मूल कर्त्तव्यों को जोड़ा गया, वह थी/था
(a) बलवंतराय मेहता समिति (b) आयंगर समिति
(c) स्वर्ण सिंह समिति (d) ठक्कर आयोग

**Ans. (c) :** भारतीय संविधान में मूल कर्त्तव्यों को स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर 42वें संविधान संशोधन 1976 के द्वारा भाग- 4 के 51(A) में 10 मूल कर्त्तव्यों को जोड़ा गया था। वर्तमान में मूल कर्त्तव्यों की कुल संख्या 11 है। 11वां मूल कर्त्तव्य 86वें संविधान संशोधन 2002 द्वारा जोड़ा गया था।

62. पंचायतों में अध्यक्ष-पद के लिए आरक्षण का आधार है:
(a) लिंग और धर्म (b) धर्म और जाति
(c) जाति और आयु (d) लिंग और जाति

**Ans. (d) :** पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण का आधार जाति एवं लिंग है। भारतीय संविधान के भाग-9 के अनुच्छेद 243D में पंचायतों में आरक्षण का प्रावधान किया है। इसके अंतर्गत महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित किया गया है जबकि एस.सी. (SC), एस.टी. (ST) के लिए जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

63. निम्नांकित में से कौन सा सुमेलित नहीं है?
(a) अनुच्छेद 79 संसद का गठन
(b) अनुच्छेद 226 धन विधेयक की परिभाषा
(c) अनुच्छेद 153 राज्यों के राज्यपाल
(d) अनुच्छेद 124 सर्वोच्च न्यायालय

**Ans. (b) :** सही सुमेलित है–
(a) अनुच्छेद 79 – संसद का गठन
(b) अनुच्छेद 226 – उच्च न्यायालय के रिट निकालने की शक्ति
(c) अनुच्छेद 153 – राज्यों के राज्यपाल
(d) अनुच्छेद 124 – सर्वोच्च न्यायालय

64. छत्तीसगढ़ राज्य का गठन जिसके विभाजन से सम्पन्न हुआ, वह है :
(a) महाराष्ट्र (b) उत्तर प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश (d) बिहार

**Ans. (c) :** छत्तीसगढ़ राज्य का गठन 1 नवम्बर 2000 को मध्य प्रदेश को विभाजित करके किया गया था। यह भारत का 26वां राज्य है।

65. राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के कितने सदस्य मनोनीत किए जा सकते हैं?
(a) 8 (b) 10
(c) 12 (d) 14

**Ans. (c) :** भारतीय संविधान के अनुच्छेद-80(3) के अंतर्गत राष्ट्रपति राज्यसभा में साहित्य, विज्ञान, कला, खेल और समाज सेवा में विशेष ज्ञान रखने वाले 12 सदस्यों को मनोनीत करता है।

66. निम्लिखित में कौन अनन्य रूप से प्रशासकीय तंत्र से संबंधित थी?
(a) पॉल एपिलबी रिपोर्ट (b) सन्थानम समिति रिपोर्ट
(c) सरकारिया आयोग रिपोर्ट (d) उपर्युक्त में कोई नहीं

Adda247
GET IT ON Google Play

Ans. (a) : पॉल एपिलबी कमेटी का गठन 1953 में प्रशासकीय तंत्र में सुधारों की सिफारिश के लिए किया गया था।

**67. राष्ट्रपति लोक सभा में किस सीमा तक आंग्ल-भारतीय समुदाय के सदस्यों को मनोनीत कर सकते हैं?**

(a) 3 से अनधिक (b) 2 से अनधिक
(c) 5 से अनधिक (d) 4 से अनधिक

Ans. (b) : भारतीय संविधान के भाग–16 के अनुच्छेद 331 के अनुसार यदि राष्ट्रपति की राय में लोकसभा में आंग्ल–भारतीय समुदाय का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है, तो वह उस समुदाय के 2 से अनधिक सदस्य नाम निर्देशित कर सकता है।

**68. वह एक अनुच्छेद जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने इस प्रकार व्याख्यायित कर दिया है कि उसमें समस्त कल्पनीय मानवाधिकार सम्मिलित हो गए हैं, वह है:**

(a) अनुच्छेद 14 (b) अनुच्छेद 19
(c) अनुच्छेद 21 (d) अनुच्छेद 23

Ans. (c) : भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता के संरक्षण से सम्बन्धित है। इसके तहत सर्वोच्च न्यायालय ने समस्त कल्पनीय मानवाधिकार को सम्मिलित किया है।

**69. निम्नलिखित कथनों में कौन एक सही नहीं है?**

(a) व्यक्ति भारतीय रिजर्व बैंक में अपने खाते खोल सकते है
(b) व्यक्ति क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में अपने खाते खोल सकते है
(c) व्यक्ति राष्ट्रीयकृत व्यावसायिक बैंक में अपने खाते खोल सकते है
(d) व्यक्ति निजी बैंकों में अपने खाते खोल सकते है

Ans. (a) : रिजर्व बैंक को समस्त बैंकों का बैंक कहा जाता है, इसमें कोई व्यक्ति अपना खाता नहीं खोल सकता है यह बैंक सरकार की मौद्रिक नीति का नियमन करती है।

**70. बारहवें वित्त अयोग ने सुझाव दिया है कि केन्द्र और राज्यों के राजस्व घाटे को घटा कर शून्य करना है वर्ष**

(a) 2011-12 तक (b) 2010-11 तक
(c) 2009-10 तक (d) 2008-09 तक

Ans. (d) : बारहवें वित्त आयोग ने सुझाव दिया था कि 2008–09 तक केन्द्र और राज्यों के राजस्व घाटे को घटाकर शून्य करना है। वर्तमान में 15वें वित्त आयोग का गठन किया जा चुका है। 15वें वित्त आयोग (2020-25) के अध्यक्ष श्री एन.के. सिंह है।

**71. भारत में जिससे मुद्रास्फीति मापी जाती है, वह है :**

(a) फुटकर मूल्य सूचकांक
(b) थोक मूल्य सूचकांक
(c) कृषि कार्मिकों के हेतु उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
(d) औद्योगिक कर्मियों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

Ans. (b) : भारत में मुद्रा स्फीति का मूल्यांकन थोक मूल्य सूचकांक के द्वारा होता है। थोक मूल्य सूचकांक के लिए आधार वर्ष 2011–12 कर दिया गया है।

**72. भारत निर्माण योजना की घोषणा जिस वर्ष के बजट में की गई थी, वह था:**

(a) 2003-04 (b) 2004-05
(c) 2005-06 (d) 2006-07

Ans. (c) : भारत निर्माण योजना की घोषणा वर्ष 2005–06 के बजट में की गई थी। जबकि इसकी शुरूआत 16 दिसम्बर, 2005 में हुई। इसका लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचे को विकसित करना है। इसके अंतर्गत सड़के, सिंचाई, आवास, जलापूर्ति, विद्युतीकरण तथा ग्रामीण संचार को सम्मिलित किया जाता है।

**74. संघ के बजट में राजस्व व्यय की सबसे बड़ी मद प्राय: होती है:**

(a) रक्षा व्यय (b) मुख्य उपदान
(c) ब्याज की अदायगी (d) राज्यों को अनुदान

Ans. (d) : वर्तमान बजट 2019–20 में राजस्व व्यय की सबसे बड़ी मद राज्यों को दिया जाने वाला अनुदान (23%) है। इसके पश्चात् ब्याज अदायगी (18%) दूसरी सबसे बड़ी मद है।

**75. हाल के वर्षों में भारत के विदेशी व्यापार में आयात की सबसे बड़ी मद रही है:**

(a) पूंजीगत सामान (b) कच्चा माल
(c) रासायनिक पदार्थ (d) पेट्रोलियम तेल और स्नेहक

Ans. (d) : पेट्रोलियम तेल एवं स्नेहक भारत के विदेशी व्यापार में आयात की सबसे बड़ी मद है। इसके पश्चात् दूसरे स्थान पर स्वर्ण तथा मोती, मूल्यवान और अर्द्ध मूल्यवान पत्थर क्रमशः सम्मिलित हैं।

**76. भारत में सबसे बड़े 50 तरल स्टाक को प्रदर्शित करने वाले सूचकांक का अभिधान है**

(a) बी.एस.ई. सूचकांक (b) एन.एस.ई. सूचकांक
(c) निफ्टी सूचकांक (d) मूल्य सूचकांक

Ans. (c) : भारत में सबसे बड़े 50 तरल स्टॉक कम्पनियों के शेयर सूचकांक को निफ्टी सूचकांक प्रदर्शित करता है।

**78. निम्नलिखित में से किसका अंशदान भारत के घरेलू उत्पाद में सर्वाधिक रहता है?**

(a) कृषि एवं आनुषंगिक क्रियाएं
(b) विनिर्माण उद्योग
(c) बिजली, गैस और जल-आपूर्ति
(d) सेवाएं

Ans. (d) : भारत में घरेलू उत्पाद में सेवा क्षेत्र का सर्वाधिक योगदान है, जो वर्ष 2018–19 की आर्थिक समीक्षा के अनुसार 54.3% के स्तर पर है।

**79. नवरत्न का तात्पर्य है**

(a) वे नौ बूटियां जिन से हर्बल फ्यूएल बनता है
(b) नार्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी के नौ राज्य
(c) सार्वजनिक क्षेत्र के वे नौ उद्योग जिन्हें पूर्ण स्वायत्तता प्रदान की गई है
(d) साफ्टवेयर इक्विपमेंट के नौ घटक

Ans. (c) : नवरत्न का तात्पर्य सार्वजनिक क्षेत्र के वे 9 उद्योग जिन्हें पूर्ण स्वायत्रता प्रदान की गयी है। ये कम्पनियाँ एक हजार करोड़ रुपये तक का निवेश स्वविवेक से कर सकती हैं। वर्तमान में अक्टूबर 2019 के आँकड़ों के अनुसार भारत में 10 महारत्न, 14 नवरत्न तथा 75 मिनी रत्न कम्पनियाँ हैं।

**80. प्रधान लौंग-उत्पादक राज्य है:**

(a) कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल
(b) केरल, असम और पश्चिम बंगाल
(c) कर्नाटक, त्रिपुरा और आंध्र प्रदेश
(d) हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश

Ans. (a) : प्रश्नगत् समय में लौंग उत्पादक राज्य क्रमशः कर्नाटक, तमिलनाडु एवं केरल थे। वर्तमान में 2017–18 के आँकड़ों के अनुसार तमिलनाडु, कर्नाटक एवं केरल लौंग उत्पाद में शीर्ष राज्य हैं।

Adda247 GET IT ON Google Play

81. **भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक बाबी जिंदल हाल में जिस राज्य के गवर्नर निर्वाचित हुए, वह है–**
(a) अरकन्सास (b) कंटुकी
(c) ल्यूसियाना (d) नेब्रास्का

**Ans. (c) :** भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक बॉबी जिंदल अमेरिकी राज्य ल्यूसियाना के गवर्नर निर्वाचित किये गये। सन् 2004 में प्रतिनिधि सभा में चुने गये बॉबी जिंदल 2006 के चुनाव में दुबारा 88% वोट के साथ निर्वाचित हुए।

82. **शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य हैः**
(a) चीन, रूस, उत्तर कोरिया, कजाकिस्तान, तजाकिस्तान और उजबेकिस्तान
(b) चीन, रूस, उत्तर कोरिया, जापन, कजाकिस्तान और उजबेकिस्तान
(c) चीन, रूस, जापन, किर्गिस्तान और तजाकिस्तान
(d) चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, तजाकिस्तान और उजबेकिस्तान

**Ans. (d) :** प्रश्नगत समय में संघाई सहयोग संगठन (एस.सी.ओ.) 6 सदस्य देश चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, तजाकिस्तान और उजबेकिस्तान शामिल थे। 24 जून, 2016 को भारत एवं पाकिस्तान को इसका सदस्य बनाया गया। वर्तमान समय में शंघाई सहयोग संगठन के सदस्यों की संख्या 8 हो गयी है। यह संगठन युरेशिया का राजनीतिक आर्थिक और सैनिक संगठन है, जिसकी स्थापना 2001 में की गयी थी।

83. **अभी हाल में एक संगठन के कार्यकर्त्ताओं ने बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन पर, उनकी जिस पुस्तक के तेलगु संस्करण के विमोचन पर आक्रमण किया, वह थी–**
(a) लज्जा (b) शोध
(c) फेरा (d) निमंत्रण

**Ans. (b) :** सन् 2007 में एक संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन पर उनकी पुस्तक 'शोध' (तेलुगू संस्करण) के विमोचन के दौरान आक्रमण किया। जिसके बाद उन्हें भारत छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा।

84. **फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड–2008 का खिताब किसको प्रदान किया गया?**
(a) गीतांजलि (b) हर्षिता सक्सेना
(c) सिमरन कौर (d) पार्वती ओमनाकुट्टन्

**Ans. (d) :** फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड–2008 का खिताब पार्वती ओमानाकुट्टन ने जीता। इनके अतिरिक्त मिस इंडिया यूनिवर्स–2008 सिमरन कौर मुण्डी बनी थीं। फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2019 का खिताब सुमन राव ने जीता।

85. **हाल में किस पड़ोसी देश ने भारत के टी.वी. सीरियल के अपने अधिकार क्षेत्र में प्रदर्शन पर रोक लगा दी है?**
(a) अफगानिस्तान (b) पाकिस्तान
(c) बांग्लादेश (d) नेपाल

**Ans. (b) :** वर्ष 2006–07 में पड़ोसी देश पाकिस्तान ने भारत के टी.वी. सीरियल के अपने अधिकार क्षेत्र में प्रदर्शन पर रोक लगा दी थी।

86. **'माई कन्ट्री माई लाइफ' नामक पुस्तक के लेखक हैः**
(a) अटल बिहारी बाजपेयी (b) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम
(c) लाल कृष्ण आडवानी (d) जार्ज फर्नेन्डीज

**Ans. (c) :** 'माई कन्ट्री माई लाइफ' पुस्तक वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की आत्मकथा है, जिसका विमोचन 2008 में तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने किया था।

87. **किसान नेता महेन्द्र सिंह टिकैत सक्रिय कार्यकर्ता हैं–**
(a) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के
(b) भारतीय जनता पार्टी के
(c) राष्ट्रीय लोक दल के
(d) उपर्युक्त में से किसी के नहीं

**Ans. (d) :** महेन्द्र सिंह टिकैत किसान आंदोलन से जुड़े उत्तर प्रदेश के बहुचर्चित किसान नेता थे। टिकैत 'भारतीय किसान संघ' के नेता थे जिन्हें चौधरी करण सिंह के बाद किसानों के 'दूसरा मसीहा' के रूप में स्वीकार किया जाता है।

88. **भारत–अफ्रीका मंच का पहला शिखर सम्मेलन अप्रैल 2008 में आयोजित हुआ–**
(a) जोहानेसबर्ग में (b) नयी दिल्ली में
(c) हरारे में (d) नैरोबी में

**Ans. (b) :** भारतीय अफ्रीका संघ का प्रथम शिखर सम्मेलन 4 से 8 अप्रैल 2008 को नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ था जिसमें अफ्रीकन यूनियन के चुनिन्दा 14 देशों सहित भारतीय राज्यों तथा भारतीय संघ के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग लिया था।

89. **वे दो मध्य एशियाई देश जिनकी भारत के उपराष्ट्रपति ने अप्रैल 2008 में यात्रा की, है–**
(a) कजाकस्तान – तुर्कमेनिस्तान
(b) कजाकस्तान – उजबेकस्तान
(c) कजाकस्तान – खिरगिजस्तान
(d) तुर्कमेनिस्तान – उजबेकस्तान

**Ans. (a) :** तत्कालीन भारतीय उपराष्ट्रपति हामिद अन्सारी ने 4–10 अप्रैल 2008 के मध्य दो मध्य एशियाई देशों कजाकस्तान तथा तुर्कमेनिस्तान की यात्राएँ की।

90. **पद्मश्री शरण रानी जिनका, अभी हाल में निधन हो गया, जिस वाद्य यंत्र की प्रतिष्ठित वादक थीं, वह हैं–**
(a) सितार (b) सरोद
(c) वीणा (d) बेला

**Ans. (b) :** पद्मश्री शरण रानी बक्विवाल, जिनका 8 अप्रैल 2008 में निधन हुआ था, वाद्ययंत्र 'सरोद' की प्रख्यात वादिका थी। अपने जीवन काल में उन्हें विष्णु दिगम्बर पारितोषिक, पद्मश्री, साहित्य कला परिषद, संगीत नाट्य अकादमी पुरस्कार, पद्म भूषण इत्यादि पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था।

91. **मैत्री एक्सप्रेस नामक रेलगाड़ी जिन देशों को जोड़ेगी, वे हैं–**
(a) भारत नेपाल (b) भारत और चीन
(c) भारत और बांग्लादेश (d) भारत और भूटान

**Ans. (c) :** मैत्री एक्सप्रेस भारत तथा बांग्लादेश के मध्य चलने वाली रेलगाड़ी है जिसकी शुरूआत 14 अप्रैल, 2008 से हुई थी। यह कोलकाता से ढाका तक की यात्रा के लिए संचालित होती है।

Adda247 GET IT ON Google Play

92. राजेन्द्र कुमार पचौरी जिन्होंने हाल में अलगोर के साथ नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त किया, जिस विद्यालय के छात्र रहे, वह था–
(a) ला मार्टीनिअर, लखनऊ
(b) दून स्कूल, देहरादून
(c) सेंट, जोजेफ्स एकेडेमी, नैनीताल
(d) काल्विन ताल्लुकेदार कालेज, लखनऊ

**Ans. (a) :** राजेन्द्र कुमार पचौरी ने अलगोर के साथ वर्ष 2007 का नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त किया था, उन्होंने लखनऊ के लॉ मार्टीनियर कॉलेज से अपनी प्रारम्भिक शिक्षा पूर्ण की थी।

93. राष्ट्रीय एड्स शोध संस्थान जहां स्थापित है, वह स्थान कौन सा है?
(a) नई दिल्ली (b) चेन्नई
(c) हैदराबाद (d) पुणे

**Ans. (d) :** राष्ट्रीय एड्स शोध संस्थान की स्थापना अक्टूबर, 1992 में महाराष्ट्र के पुणे में की गयी थी।

94. पहला केंचुआ बीज बैंक जहाँ स्थापित होने जा रहा है, वह स्थान है–
(a) इज्जतनगर (बरेली) (b) पंतनगर
(c) कानपुर (d) मेरठ

**Ans. (a) :** पहला केंचुआ बीज बैंक इज्जतनगर (बरेली) में स्थापित किया गया है।

95. P–4 योजना के तहत कौन सी तेल कम्पनी बायो–डीजल वैल्यू चेन स्थापित करने जा रही है?
(a) भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन
(b) हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन
(c) आयल एण्ड नेचुरल गैस कार्पोरेशन
(d) रिलायंस पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड

**Ans. (b) :** P–4 योजना के तहत हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन बायोडीजल वैल्यू चैन की स्थापना 2008 से आरम्भ कर चुकी है।

96. निम्नलिखित में जिसे प्रथम 'कांशी राम खेल रत्न' पुरस्कार से विभूषित किया गया, वह कौन खिलाड़ी था?
(a) रुद्र प्रताप सिंह (b) प्रवीण कुमार
(c) सुरेश रैना (d) पीयूष चावला

**Ans. (b) :** 5 मार्च 2008 को उत्तर प्रदेश की तत्कालीन मुख्यमंत्री सुश्री मायावती द्वारा भारतीय क्रिकेटर प्रवीण कुमार को प्रथम कांशीराम खेल रत्न पुस्कार से सम्मानित किया गया।

97. किस पाकिस्तानी खिलाड़ी का पांच साल तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट न खेलने का प्रतिबंध लगा दिया गया है–
(a) जावेद मियांदाद (b) सलीम मलिक
(c) शोएब अख्तर (d) इंजमामुल हक

**Ans. (c) :** पाकिस्तान के प्रसिद्ध तेज गेंदबाज शोएब अख्तर पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा 1 अप्रैल 2008 को 5 वर्ष तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट न खेलने का प्रतिबंध लगा दिया गया था।

98. आई.पी.एल. के एक मैच में सर्वाधिक विकेट किसने लिया?
(a) पोलाक ने (b) आर.पी. सिंह ने
(c) श्रीसंत ने (d) सोहैल तनवीर ने

**Ans. (d) :** 4 मई, 2008 को आई.पी.एल. के प्रथम संस्करण में राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाज सोहेल तनवीर ने एक ही मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पाँच विकेट हासिल कर IPL में एक मैच में सर्वाधिक विकेट का रिकार्ड बनाया था। IPL 2019 में सर्वाधिक विकेट इमरान ताहिर ने लिया, जबकि 2019 तक एडम जम्पा और अल्जारी जोसेफ भी एक मैच में सर्वाधिक 6 विकेट ले चुके हैं।

99. ऑस्ट्रेलियाई ओपन–2008 (पुरुष एकल) के विजेता थे–
(a) एंडी रॉडिक (b) नोवाक जोकोविक
(c) नडाल (d) रोजर फेडरर

**Ans. (b) :** ऑस्ट्रेलियाई ओपन–2008 (पुरुष एकल) के विजेता नोवाक जोकोविक थे जिन्होंने जो विलफ्रीड सोंगा को पराजित किया था। ऑस्ट्रेलियाई ओपन- 2019 के विजेता नोवाक जोकोविक ही है।

100. निम्न खिलाड़ियों में वह कौन है जिसने भारत से होकर गुजरने वाली चीनी ओलम्पिक दीपशिखा की रिले दौड़ में भाग न लेने का निश्चय किया?
(a) सचिन तेंदुलकर (b) मिल्खा सिंह
(c) बायचुंग भूटिया (d) पुलेला गोपीचंद

**Ans. (c) :** बायचुंग भूटिया ने 2008 में होने वाले चीनी ओलम्पिक दीपशिखा की रिले दौड़ में भाग न लेने का निश्चय किया था।

## भाग-2 : सामान्य बुद्धि परीक्षण

101. एक आदमी अपने गंतव्य स्थान, जो 180 किमी. की दूरी पर है तीन घण्टे में पहुँचना चाहता है। प्रथम आधी यात्रा में उसकी औसत गति 40 किमी./घंटा रहती है। अपने गंतव्य स्थान पर समय से पहुँचने के लिए शेष यात्रा में उसकी गति क्या होनी चाहिए?
(a) 80 किमी./घंटा (b) 105 किमी./घंटा
(c) 120 किमी./घंटा (d) 90 किमी./घंटा

**Ans. (c) :** कुल दूरी = 180 किमी.

$$\left(\text{समय} = \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}\right)$$

प्रथम आधी यात्रा में लगा समय $= \frac{90}{40} = \frac{9}{4}$ घण्टे

शेष आधी यात्रा पूरी करने के लिए बचा समय

$= 3 - \frac{9}{4} = \frac{3}{4}$ घण्टे

अर्थात् व्यक्ति $\frac{3}{4}$ घण्टे में शेष आधी यात्रा पूरी करेगा।

तब व्यक्ति की चाल $= \frac{90}{3/4} = \frac{360}{3} = 120$ किमी./घण्टा

102. यदि RUNNER को SUMMER द्वारा 'कोड' किया जाता है, तब WINTER का 'कोड' होगा:
(a) XIMSER (b) XINTER
(c) SINVER (d) VIOUER

Adda247
GET IT ON Google Play

**Ans. (a) :**

R U N N E R (+1, 0, −1, −1, 0, 0) → S U M M E R

तब

W I N T E R (+1, 0, −1, −1, 0, 0) → X I M S E R

अर्थात WINTER का कोड XIMSER होगा।

**103. एक आयताकार प्लाट की परिमिति 240 मीटर है। यदि इस की लम्बाई 10 प्रतिशत घटा दी जाए और चौड़ाई 20 प्रतिशत बढ़ा दी जाए तो आयताकार प्लाट की परिमिति वही रहती है। आयताकार प्लाट का क्षेत्रफल क्या है?**

(a) 3200 वर्ग मीटर (b) 4000 वर्ग मीटर
(c) 4400 वर्ग मीटर (d) 5600 वर्ग मीटर

**Ans. (a) :** आयताकार प्लाट की परिमिति = 240 मी.

$2(l+b) = 240$

$l + b = 120$ ......(i)

प्रश्नानुसार–

$2\left(\frac{90l}{100} + \frac{120b}{100}\right) = 240$

$\Rightarrow$ $9l + 12b = 1200$ .....(ii)

समी. (i) व (ii) से–

$9l + 9b = 120 \times 9$

$9l + 12b = 1200$

$-3b = -120$

$\boxed{b = 40}$

समी. (i) से $l = 120 - 40 = 80$ मी.

प्लाट का क्षेत्रफल $= lb = 80 \times 40$

= 3200 वर्ग मीटर

**104. एक 79 मीटर ऊँचे खम्भे पर एक बंदर एक मिनट में 4 मीटर चढ़ता है, लेकिन दूसरे मिनट ही 1 मीटर नीचे खिसक आता है। खम्भे के ऊपरी सिरे पर बन्दर को पहुँचने में लगने वाला समय होगा।**

(a) 50 मिनट (b) 51 मिनट
(c) 55 मिनट (d) 61 मिनट

**Ans. (b) :** बंदर पहले मिनट में चढ़ता है– 4 मी.

दूसरे मिनट में 1 मी. खिसकता है।

अतः 2 मिनट में तय दूरी = 4 – 1 = 3 मी.

तब 75 मी. चढ़ने में लगा समय $= \frac{2}{3} \times 75 = 50$ मिनट

तथा 4 मी. चढ़ने में लगा समय = 1 मिनट

$\Rightarrow$ (75+4) मी. = 79 मी. चढ़ने में लगा समय = (50+1) मिनट

= 51 मिनट

**105. A के अंक B से कम हैं परन्तु C से अधिक हैं। D के अंक E से अधिक हैं। B के अंक E से कम हैं। निम्नलिखित में से किसके द्वारा सबसे अधिक अंक प्राप्त किये गये?**

(a) A (b) B
(c) C (d) D

**Ans. (d) :** सही क्रम निम्नवत होगा–

$C < A < B$ .....(i)

$D > E > B$ ......(ii)

समी. (i) और (ii) से,

$D > E > B > A > C$

D द्वारा सबसे अधिक अंक प्राप्त किया गया है।

**106. एक $\frac{r}{\sqrt{\pi}}$ त्रिज्या वाले वृत्त का क्षेत्रफल X है तथा एक वर्ग का क्षेत्रफल जिसकी प्रत्येक भुजा वृत्त की त्रिज्या के बराबर है,Y है। तबः**

(a) X = Y (b) X < Y
(c) X > Y (d) $X = \frac{Y}{2}$

**Ans. (c) :** वृत्त का क्षेत्रफल (X) $= \pi \times \left(\frac{r}{\sqrt{\pi}}\right)^2 = r^2$


वर्ग का क्षेत्रफल (Y) = (भुजा)$^2$ $= \left(\frac{r}{\sqrt{\pi}}\right)^2 = \frac{r^2}{\pi}$

अतः $\boxed{X > Y}$

**107. एक आदमी उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर मुख कर खड़ा है। वह वामावर्त दिशा में 180° घूम जाता है तथा उसके बाद वह दक्षिणावर्त दिशा में 135° घूम जाता है। अब उसका मुख किस दिशा में है?**

(a) उत्तर (b) पश्चिम
(c) दक्षिण-पूर्व (d) दक्षिण-पश्चिम

**Ans. (b) :**




चित्रानुसार अब उसका मुख पश्चिम दिशा में है।

**108. यदि A : B = B : C तब $A^4 : B^4$ निम्नलिखित के बराबर होगाः**

(a) $B^2 : AC$ (b) $AC : B^2$
(c) $C^2 : A^2$ (d) $A^2 : C^2$

**Ans. (d) :**

$\frac{A}{B} = \frac{B}{C} \Rightarrow B^2 = AC$ ............. (1)

$\frac{A^4}{B^4} = \frac{A^2.A^2}{A^2.C^2} = \frac{A^2}{C^2}$ (समी. (1) से)

$\Rightarrow$ $A^4 : B^4 = A^2 : C^2$

Adda247
GET IT ON Google Play

**109.** एक आदमी वर्गाकार मैदान को विकर्णतः 4 किमी./घंटे की गति से 3 मिनट में पार कर लेता है। मैदान का क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) में होगा:
(a) 20,000 (b) 24,000
(c) 32,000 (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :**
मैदान को विकर्णतः पार करने में तय दूरी $= 4\times\frac{3}{60} = \frac{1}{5}$ km
$= 200$ m
अतः वर्गाकार मैदान का विकर्ण = 200 m
तब, मैदान का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2}\times$ (विकर्ण)$^2$
$= \frac{1}{2}\times(200)^2$
= 20,000 वर्गमीटर

**110.** आठ संख्याओं का औसत 87 है। इनमें से सबसे बड़ी संख्या अपने से छोटी संख्या से मात्रा में 2 अधिक है। यदि इन दोनों संख्याओं को हटा दिया जाए तो शेष संख्याओं का औसत 85 हो जाता है। सबसे बड़ी संख्या क्या है?
(a) 88 (b) 94
(c) 96 (d) 98

**Ans. (b) :** माना बड़ी संख्या = x
छोटी संख्या = x – 2
प्रश्नानुसार–
$$\frac{85\times6+x+x-2}{8} = 87$$
$2x - 2 + 510 = 696$
$2x = 696 - 508$
$x = \frac{188}{2} = 94$
अतः सबसे बड़ी संख्या 94 होगी।

**111.** कोई मूलधन (यदि चक्रवृद्धि ब्याज की दर वार्षिक हो) तीन वर्ष में आठ गुना हो जाता है। ब्याज दर होगी:
(a) 100% (b) 160%
(c) 200% (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** मिश्रधन (A) = 8 × मूलधन (P)
$$A = P\left(1+\frac{R}{100}\right)^n$$
$$\Rightarrow \quad 8P = P\left(1+\frac{R}{100}\right)^3$$
$$\left(1+\frac{R}{100}\right)^3 = 8 = 2^3$$
$$1+\frac{R}{100} = 2$$
R = 100%

**112.** किसी संख्या का आधा उस संख्या के $\frac{1}{5}$ से 15 अधिक है। वह संख्या होगी
(a) 20 (b) 30
(c) 40 (d) 50

**Ans. (d) :** माना संख्या = x
$$\frac{x}{2} = \frac{x}{5}+15$$
$$\frac{x}{2}-\frac{x}{5} = 15$$
$3x = 150$
$\boxed{x = 50}$

**113.** यदि $2^{x-1}+2^{x+1} = 320$ तब X का मान होगा:
(a) 6 (b) 7
(c) 8 (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (b) :**
$$2^{x-1}+2^{x+1} = 320$$
$$\frac{2^x}{2}+2.2^x = 320$$
$$2^x\left(\frac{1}{2}+2\right) = 320$$
$$2^x = \frac{320\times2}{5} = 64\times2$$
$$2^x = 2^7$$
$\boxed{x = 7}$

**114.** n आदमी n घण्टे प्रतिदिन काम करके n दिन में किसी काम की n इकाई पूरी करते हैं। m आदमियों द्वारा m घण्टे प्रतिदिन काम करके उसी काम की m इकाई पूरे किये जाने के लिये प्रयुक्त दिनों की संख्या होगी:
(a) $m$ (b) $\frac{m^2}{n}$
(c) $\frac{n^2}{m}$ (d) $\frac{m^3}{n^2}$

**Ans. (c) :**
$$\frac{M_1D_1H_1}{W_1} = \frac{M_2D_2H_2}{W_2}$$
$$\Rightarrow \quad \frac{n.n.n}{n} = \frac{m.D_2.m}{m}$$
दिनों की संख्या $(D_2) = \frac{n^2}{m}$

**115.** एक क्रिकेट खिलाड़ी का 3 खेलों (गेम्स) में औसत स्कोर 162 रन था। दूसरे खेल में क्रिकेट खिलाड़ी ने पहले खेल से 10 रन कम बनाए। तीसरे खेल में उसने दूसरे खेल से 13 रन कम बनाए। पहले खेल में उसका स्कोर क्या था?
(a) 171 रन (b) 173 रन
(c) 179 रन (d) 181 रन

Adda247
GET IT ON Google Play

**Ans. (b) :** पहले खेल में स्कोर = x
दूसरे खेल में स्कोर = x – 10
तीसरे खेल में स्कोर = (x – 10) – 13 = x – 23
तीनों खेलों में औसत स्कोर = 162

$\Rightarrow \frac{x+x-10+x-23}{3}=162$

$\Rightarrow 3x-33=486 \Rightarrow 3x=519$

$x = 173$ रन

**116. चार क्रमागत सम संख्याओं का माध्य 43 है। इनमें से सबसे बड़ी और सबसे छोटी संख्याओं का गुणनफल होगा :**

(a) 2024 (b) 1848
(c) 1840 (d) 1680

**Ans. (c) :** माना चार क्रमागत सम संख्याएं = 2x , 2x + 2, 2x + 4, 2x + 6
तब

$\frac{2x+2x+2+2x+4+2x+6}{4}=43$

$8x + 12 = 172$

$8x = 160$

$x = 20$

अर्थात् संख्याएं = 40, 42, 44, 46
सबसे छोटी और सबसे बड़ी संख्या का गुणनफल
= 40 × 46 = 1840

**117. एक थैले में कुछ गेंदे हैं। निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. **सभी गेंदे काली है**
2. **सभी गेंदे सफेद है**
3. **केवल कुछ गेंदें काली है**
4. **एक भी गेंद काली नहीं है**

**यह मानते हुए कि थैले में केवल सफेद अथवा काली अथवा दोनों रंग की गेंद हो सकती है, उपरोक्त दिये गये कथनों में से कौन से दो कथन सत्य है?**

(a) 1 और 4 (b) 1 और 3
(c) 2 और 3 (d) 2 और 4

**Ans. (c) :** थैले में केवल सफेद अथवा काली अथवा दोनों रंग की गेंद होने के लिए केवल कथन 2 और 3 सत्य हैं।

**118. यदि एक श्रमिक घर से फैक्ट्री 5 किमी/घण्टे की गति से जाता है, तब 3 मिनट विलम्ब से पहुँचता है। यदि वह 6 किमी/घण्टे की गति से जाता है, तब समय से 7 मिनट पहले पहुँच जाता है। घर से फैक्ट्री की दूरी है:**

(a) 4 कि.मी. (b) 5 कि.मी.
(c) 6 कि.मी. (d) 8 कि.मी.

**Ans. (b) :**

$5\left(t+\frac{3}{60}\right)=6\left(t-\frac{7}{60}\right)$ (दूरी = चाल × समय)

$5t+\frac{15}{60}=6t-\frac{42}{60}$

$t=\frac{57}{60}=\frac{19}{20}$ घण्टे

घर से फैक्ट्री की दूरी $=5\left(\frac{19}{20}+\frac{3}{60}\right)$

$=5\times\left(\frac{20}{20}\right)$

= 5 किमी.

**119. निम्नलिखित में से कौन अलग-अलग हैं?**

(a) मंगल (b) बृहस्पति
(c) बुध (d) अपोलो

**Ans. (d) :** मंगल, बुध, बृहस्पति सभी ग्रह हैं जबकि अपोलो एक क्षुद्र ग्रह है।

**120. नीचे दी गई मैट्रिक्स में:**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 3 | 7 |
| 5 | 12 | 14 |
| 25 | 'X' | 28 |
| 125 | 192 | 56 |

**आज्ञात राशि 'X' का मान होगा:**

(a) 40 (b) 48
(c) 56 (d) 64

**Ans. (b) :**
जिस प्रकार,

$1 \xrightarrow{\times5} 5 \xrightarrow{\times5} 25 \xrightarrow{\times5} 125$

$7 \xrightarrow{\times2} 14 \xrightarrow{\times2} 28 \xrightarrow{\times2} 56$

उसी प्रकार,

$3 \xrightarrow{\times4} 12 \xrightarrow{\times4} \boxed{48} \xrightarrow{\times4} 192$

**121. वह कम से कम संख्या जो 14, 17, 34 और 42 में प्रत्येक से घटाई जाय,ताकि प्रथम दो संख्याओं और अंतिम दो, संख्याओं का अनुपात समान हो, होगी**

(a) 0 (b) 1
(c) 2 (d) 7

**Ans. (c) :** माना घटायी गयी संख्या = x

$\frac{14-x}{17-x}=\frac{34-x}{42-x}$

$588-42x-14x+x^2=578-34x-17x+x^2$

$\Rightarrow -56x+588=578-51x$

$\Rightarrow 5x=10$

$\boxed{x=2}$

**122. एक वर्ग के भीतर एक मीटर त्रिज्या वाला एक वृत्त, जैसा कि चित्र में दर्शाया गया है, खींचा जाता है। आच्छादित (shaded) भाग का क्षेत्रफल होगा:**




(a) $(4-\pi)$ (b) $\left(1-\frac{\pi}{2}\right)$

(c) $\frac{(1-\pi)}{4}$ (d) $\left(1-\frac{\pi}{4}\right)$


Adda247
GET IT ON Google Play

**Ans. (d) :**
वर्ग की भुजा = 2 मी.
वर्ग का क्षेत्रफल = $2^2 = 4$ मी.
तथा वृत्त का क्षेत्रफल = $\pi r^2$
$= \pi (1)^2 = \pi$ मी.

आच्छादित भाग का क्षेत्रफल = $\frac{1}{4}(4-\pi)$

$= 1 - \frac{\pi}{4}$

**123. किसी कस्बे की जनसंख्या विभिन्न धर्मों के अनुसार निम्नलिखित पाई-चार्ट द्वारा प्रदर्शित की गई है: यदि कस्बे की कुल जनसंख्या 7,20,000 हो तब सिखों की जनसंख्या होगी:**




(a) 60,000 (b) 50,000
(c) 40,000 (d) 30,000

**Ans. (a) :** कस्बे की कुल जनसंख्या = 7,20,000

सिखों की जनसंख्या = $\frac{30^\circ}{360^\circ} \times 7,20,000$
= 60,000

**124. तीन संख्याओं में से प्रथम दो का योग 45, दूसरी और तीसरी का योग 55 तथा तीसरी और पहली के तीन गुने का योग 90 हो तब तीसरी संख्या होगी:**
(a) 20 (b) 25
(c) 30 (d) 35

**Ans. (a) :** माना तीन संख्याएं x, y, z है।
$x + y = 45$ .......... (i)
$y + z = 55$ .......... (ii)
$3z + 3x = 90$
$z + x = 30$ ..........(iii)
$\Rightarrow 55 - y + x = 30$ [समी. (ii) से]
$x - y = -25$ ......... (iv)
समी. (i) और समी. (iv) को जोड़ने पर–
$2x = 20$
$\boxed{x = 10}$
समी. (iii) से–
$\boxed{z = 20}$
तथा समी. (ii) से–
$y = 55 - 20$
$= 35$
अभीष्ट तीसरी संख्या = 20

**125. एक झोले में 2 लाल कंचे (मारबेल्स), 3 हरे कंचे और 4 नीले कंचा हैं। एक कंचा अटकल-पच्चू (रैण्डम रीति से) झोले से निकाला गया। इस की क्या सम्भावना है कि निकाला गया कंचा नीला कंचा नहीं होगा?**
(a) $\frac{4}{9}$ (b) $\frac{5}{9}$
(c) $\frac{1}{9}$ (d) $\frac{2}{3}$

**Ans. (b) :** झोले में कंचों की संख्या = 9
कंचे के नीले होने की प्रायिकता = $\frac{4}{9}$
तब कंचे के नीले नहीं होने की सम्भावना = $1 - \frac{4}{9}$
$= \frac{5}{9}$

**126. तीन अध्यापकों A, B और C को एक अध्यापक संगठन के निर्वाचन में कुल मिलाकर 510 वोट मिले। A को, जितने वोट B को मिले उसके $\frac{2}{3}$ वोट मिले। B को, जितने वोट C को मिले उस के $\frac{1}{4}$ वोट मिले। C को कितने वोट मिले?**
(a) 200 वोट (b) 260 वोट
(c) 300 वोट (d) 360 वोट

**Ans. (d) :** माना C को मिले वोटों की संख्या = x
B को मिले वोट = $\frac{x}{4}$
A को मिले वोट = $\frac{2}{3}\left(\frac{x}{4}\right) = \frac{x}{6}$
प्रश्नानुसार,
$x + \frac{x}{4} + \frac{x}{6} = 510$
$12x + 3x + 2x = 510 \times 12$
$17x = 510 \times 12$
$x = 30 \times 12 = 360$ वोट
अर्थात् C को 360 मिले।

**127. किसी वृत्त की परिधि और त्रिज्या का अंतर 74 सेमी. है, तब वृत्त का व्यास होगा:**
(a) 27 सेमी. (b) 28 सेमी.
(c) 31 सेमी. (d) 33 सेमी.

**Ans. (b) :** प्रश्नानुसार,
$2\pi r - r = 74$ सेमी.
$r\left(2 \times \frac{22}{7} - 1\right) = 74$
$r = \frac{74 \times 7}{37} = 14$ सेमी.
वृत्त का व्यास = 2r
$= 2 \times 14 = 28$ सेमी.

**128. श्रेणी**
**13, 14, 18, 27, 43, .............. में अगली संख्या होगी:**
(a) 47 (b) 51
(c) 59 (d) 68

**Ans. (d) :** श्रेणी निम्नवत् होगी–
$13 \xrightarrow{+1^2} 14 \xrightarrow{+2^2} 18 \xrightarrow{+3^2} 27 \xrightarrow{+4^2} 43 \xrightarrow{+5^2} \boxed{68}$

Adda247
GET IT ON Google Play

**129. एक बल्लेबाज अपनी 17वीं पारी में 85 रन बनाता है। जिससे उसका औसत 3 रन बढ़ जाता है। नई औसत रन संख्या होगी:**

(a) 39 (b) 37
(c) 28 (d) 17

**Ans. (b) :** 16वीं पारी तक बल्लेबाज के रनों का औसत = M
तब नई औसत रन संख्या = M + 3
16वीं पारी तक बल्लेबाज के कुल रन = 16 M
प्रश्नानुसार,


$$\frac{16M+85}{17} = M+3$$

$$16M + 85 = 17M + 51$$

$$M = 85 - 51 = 34$$


नई औसत रन संख्या = 34 + 3 = 37

**130. प्रदत्त आकृति में त्रिभुजों की संख्या है:**



(a) 12 (b) 11
(c) 10 (d) 9

**Ans. (a) :** दी गयी आकृति में त्रिभुज–





ΔABC, ΔBCD, ΔACF, ΔCFE, ΔCDE, ΔABD, ΔADE, ΔACE, ΔABF, ΔBFE, ΔBCE, ΔABE
कुल 12 त्रिभुज हैं।

**131. एक पुरुष ने एक महिला का परिचय कराते हुए कहा, ''इसकी माँ मेरी सास की इकलौती पुत्री है।'' यह पुरुष इस महिला का क्या लगता है?**

(a) पुत्र (b) भाई
(c) पति (d) पिता

**Ans. (d)**




**132. यदि किसी संख्या के $\frac{1}{3}$ का $\frac{1}{4}$ 13 हो तब वह संख्या होगी:**

(a) 126 (b) 144
(c) 156 (d) 166

**Ans. (c) :** माना संख्या = x

$$\Rightarrow x \text{ का } \frac{1}{3} \text{ का } \frac{1}{4} = 13$$

$$\Rightarrow x \times \frac{1}{3} \times \frac{1}{4} = 13$$

$$x = 13 \times 12 = 156$$

**133. एक श्रेणी निम्नवत् है:**
**5, 7, 9, 11, 13, ............**
**उपर्युक्त दी गई श्रेणी का 100वाँ पद होगा:**

(a) 203 (b) 201
(c) 197 (d) 195

**Ans. (a) :** श्रेणी 5, 7, 9, 11, 13 .......... 100वाँ पद तक
nवाँ पद $t_n = a + (n-1)d$
जहाँ a– प्रथम पद
n– पदों की संख्या
d– सार्वन्तर
100वां पद $t_{100} = 5 + (100-1) \times 2$
$= 5 + (100-1) \times 2$
$= 5 + 198 = 203$

**134. 2, 4, 6 तथा 8 सेमी. व्यास वाले वृत्तों का औसत क्षेत्रफल होगा:**

(a) $5\pi$ से.मी.$^2$ (b) $\frac{15}{2}\pi$ से.मी.$^2$
(c) $15\pi$ से.मी.$^2$ (d) $\frac{5}{2}\pi$ से.मी.$^2$

**Ans. (b) :** 2 सेमी. व्यास (r = 1) वाले वृत्त का क्षे. $= \pi r^2 = \pi \times 1^2 = \pi$
4 सेमी. व्यास वाले वृत्त का क्षेत्रफल (r = 2) $= \pi \times (2)^2 = 4\pi$
6 सेमी. व्यास वाले वृत्त का क्षेत्रफल (r = 3) $= \pi \times (3)^2 = 9\pi$
8 सेमी. व्यास वाले वृत्त का क्षेत्रफल (r = 4) $= \pi \times (4)^2 = 16\pi$

$$\text{औसत क्षेत्रफल} = \frac{\pi + 4\pi + 9\pi + 16\pi}{4} = \frac{30\pi}{4} = \frac{15\pi}{2} \text{ से.मी.}^2$$

**135. यदि दो संख्याओं का योग 45 हो तथा इनक अंतर 15 हो तब उन संख्याओं में निम्नलिखित अनुपात होगा।**

(a) 5 : 4 (b) 4 : 3
(c) 3 : 2 (d) 2 : 1

**Ans. (d) :** माना संख्याएं = x, y
$\Rightarrow$ $x + y = 45$
$x - y = 15$
अत: x= 30, y = 15
अभीष्ट अनुपात $\frac{30}{15} = \frac{2}{1} = 2:1$

**136. एक घड़ी 8 बजे प्रातः ठीक की गई। घड़ी 24 घंटों में 10 मिनट तेज हो जाती है। दूसरे दिन जब घड़ी 1:00 बजे सायं दिखती है तो सही समय क्या होगा?**

(a) 12:29 सायं (b) 12:48 सायं
(c) 4:28 सायं (d) 4:30 सायं

Adda247 GET IT ON Google Play

**Ans. (b) :** प्रातः 8 बजे से अगले दिन सांय 1.00 बजे तक घण्टों की संख्या = 24 + 5 = 29

∵ 24 घंटों में घड़ी तेज होती है = 10 मिनट

∵ 29 घंटों में $= \frac{10}{24} \times 29$ मिनट

= 12.0 मिनट (लगभग)

घड़ी द्वारा सही समय होगा = 1:00 – 00.12

= 12.48 सांय

**137. यदि p का अर्थ +, q का अर्थ -, r का अर्थ × तथा s का अर्थ = हो तब निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?**

(a) 11 p 7 q 4 r 3 s 0 (b) 11 q 7 r 4 s 3 p 0
(c) 11 r 7 s 4 p 3 q 0 (d) 11 s 7 p 4 q 3 r 0

**Ans. (d) :** 11 s 7 p 4 q 3 r 0

$\Rightarrow 11 = 7 + 4 - 3 \times 0$

$= 11 - 0$

$= 11$

अतः विकल्प (d) सही होगा।

**138. यदि $x \propto \frac{1}{y}$ तथा y को 25% कम कर दिया जाय तब x के मान में प्रतिशत वृद्धि होगी:**

(a) 20% (b) 25%
(c) $33\frac{1}{3}\%$ (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (c) :** $x \propto \frac{1}{y}$

$\Rightarrow x = k\frac{1}{y}$ ..................... (I)

यदि y के मान में 25% की कमी कर दिया जाय।

$y' = \frac{75}{100}y = \frac{3}{4}y$

$x' = K.\frac{1}{\frac{3}{4}y} = K = \frac{4}{3y}$ ............... (II)

x के मान में वृद्धि $= K\left(\frac{4}{3y} - \frac{1}{y}\right)$

$= K.\frac{1}{3y}$

$\Rightarrow \boxed{x' \propto \frac{1}{3y}}$

% वृद्धि $= \left[\frac{1}{3y} / \frac{1}{y}\right] \times 100 = \frac{y}{3y} \times 100$

$= \frac{100}{3} = 33\frac{1}{3}\%$

**139. यदि 61 से 100 तक के पूर्णांकों में से 3 से विभाजित होने वाली संख्याओं को निकाल दिया जाय तब शेष संख्यायें बचेंगी :**

(a) 27 (b) 25
(c) 24 (d) 22

**Ans. (a) :** 61 से 100 के बीच 3 से विभाज्य होने वाली संख्याओं की संख्या

$= \left(\frac{\text{अंतिम पद - प्रथम पद}}{\text{सर्वांतर}}\right) + 1$

प्रथम पद = 63

अंतिम पद = 99

सर्वांतर = 3

$= \left(\frac{99 - 63}{3}\right) + 1$

$= \frac{36}{3} + 1 = 13$

61 से 100 के बीच कुल संख्या = 40

61 से 100 के बीच तीन विभाज्य न होने वाली संख्या

= 40 – 13 = 27

**140. पाँच किताबें A, B, C, D और E एक मेज पर रखी हैं। किताब D किताब C के नीचे है तथा किताब B किताब E के नीचे है। किताब A किताब C के ऊपर है लेकिन किताब B के नीचे है। सबसे ऊपर और सबसे नीचे रखी किताबें होगी क्रमशः**

(a) D और E (b) E और D
(c) A और D (d) E और B

**Ans. (b) :** किताबों के ऊपर से नीचे का क्रम–

E
B
A
C
D

अतः स्पष्ट है कि सबसे ऊपर किताब E और सबसे नीचे किताब D होगी।

**141. DMU, EOT, FQS, ..................**
**रिक्त स्थान की पूर्ति निम्नलिखित द्वारा की जानी चाहिए:**

(a) GRT (b) GSO
(c) GSR (d) HSR

**Ans. (c) :**

D —+1→ E —+1→ F —+1→ G
M —+2→ O —+2→ Q —+2→ S
U —-1→ T —-1→ S —-1→ R

अतः विकल्प (c) सही होगा।

**142. 8, 11, 17, X, 53, 101**
**उपरोक्त श्रेणी में 'X' का मान होगा:**

(a) 29 (b) 27
(c) 25 (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :**

8 —(+3)→ 11 —(+6)→ 17 —(+12)→ 29 —(+24)→ 53 —(+48)→ 101


+3 —(×2)→ +6 —(×2)→ +12 —(×2)→ +24 —(×2)→ +48

Adda247
GET IT ON Google Play

143. 'A', 'D' की माँ है तथा 'B' की बहन है। 'C', 'B' की पुत्री है जिसका विवाह 'F' के साथ हुआ है। 'G', 'A' का पति है। 'G', 'D' का क्या लगता है?

(a) पति (b) पुत्र
(c) पिता (d) चाचा

Ans. (c) :




अतः स्पष्ट है कि G, D का पिता होगा।

144. यदि A : B = 2 : 3
B : C = 4 : 5
C : D = 6 : 7
तब A : D बराबर होगाः

(a) 2 : 7 (b) 7 : 8
(c) 16 : 35 (d) 4 : 13

Ans. (c) : A:B = 2:3, B:C= 4:5, C:D= 6:7

तब $\frac{A}{B}\times\frac{B}{C}\times\frac{C}{D}=\frac{2}{3}\times\frac{4}{5}\times\frac{6}{7}$

$\Rightarrow \frac{A}{D}=\frac{16}{35}$

या = 16:35

145. यदि TOM = 48 तथा DICK = 27 तब HARRY बराबर होगाः

(a) 60 (b) 68
(c) 69 (d) 70

Ans. (d) : TOM = 20+15+13= 48
DICK= 4+9+3+11= 27
HARRY = 8+1+18+18+25= 70

146. निम्नलिखित में से किसका मूल्य सबसे अधिक है?

(a) $\frac{\sqrt{10}}{2}$ (b) $\frac{\sqrt{24}}{3}$
(c) 1.4 (d) $\frac{1}{\sqrt{0.5}}$

Ans. (b) :

(a) $\frac{\sqrt{10}}{2}=\frac{3.16}{2}=1.58$

(b) $\frac{\sqrt{24}}{3}=\frac{4.89}{3}=1.63$

(c) 1.4

(d) $\frac{1}{\sqrt{0.5}}=\frac{1}{0.70}=1.414$

अतः विकल्प (b) सही होगा।

147. निम्नलिखित कथनों को पढ़िये :
1. लता, गीता से एक साल बड़ी है।
2. गीता, सोनू से दो साल बड़ी है।
3. राजन, सोनू से एक साल बड़ा है।

इसमें सबसे छोटा कौन है?

(a) लता (b) गीता
(c) सोनू (d) राजन

Ans. (c) : क्रम निम्नवत् है-
लता > गीता > राजन > सोनू
अतः सबसे छोटा सोनू है।

148. A के पास 100 रुपये है। यदि उसके पास दस रुपये कम होते तब उसके पास B के आधे रुपये होते। B के पास A से कितने अधिक रुपये है?

(a) 80 रुपये (b) 90 रुपये
(c) 100 रुपये (d) 120 रुपये

Ans. (a) : A के पास रुपये = 100
माना B के पास x रुपये है।
प्रश्नानुसार,

$100-10=\frac{x}{2}$

x= 90×2 =180
अर्थात् B के पास, A से (180-100 = 80) रुपये अधिक होगे।

149. दो संख्याओं जो 1: 5 के अनुपात में हैं का गुणनफल 320 है। इस संख्याओं के वर्गों का अंतर होगाः

(a) 1024 (b) 1236
(c) 1456 (d) 1536

Ans. (d) : माना संख्याएं x व 5x है।
तब,
$x\times5x=320$
$\Rightarrow x^2=64$
$x=8$
अतः संख्याएं 8 व 40 है।
संख्याओं के वर्गों का अन्तर $=(40)^2-(8)^2$
$=1600-64$
$=1536$

150. एक व्यापारी ने 100 सेब 60 रु. में क्रय किए और उसने मूल्य का 15% भाड़े में व्यय किया। यदि व्यापारी अपने निवेश पर 20% लाभ कमाना चाहता है, तो 100 सेब की अंकित (marked) कीमत क्या होगी?

(a) 82.8 रु. (b) 83.8 रु.
(c) 80.0 रु. (d) 81.8 रु.

Ans. (a) : 100 सेबों का क्रयमूल्य = 60 रुपये
भाड़े में व्यय = 15% of C.P.

$=\frac{60\times15}{100}=9$ रुपये

100 सेबों का कुल मूल्य = 60 + 9 = 69 रुपये

20% लाभ कमाने के लिए अंकित मूल्य $=\frac{69\times120}{100}$
$=\frac{8280}{100}$
= 82.80 रुपये